एमबीबीएस अन्तिम व्यावसायिक पार्ट–2 परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र इन्टर्नशिप प्रारम्भ करने हेतु Provisional Registration एवं इन्टर्नशिप पूर्ण करने वाले इन्टर्न Permanent Registration हेतु उ0प्र0 मेडिकल काउंसिल, लखनऊ की वेबसाईट www.upmedicalcouncil.org पर निम्नलिखित प्रकियानुसार आनलाईन रजिस्ट्रेशन करें–

:: PROVISIONAL REGISTRATION ::

1. विश्वविद्यालय की वेबसाईट (www.upums.ac.in) के होम पेज पर Student Cell heading से Various Format for Internship से पेज–1 को प्रिन्ट करते हुए ऑनलाईन प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करें।
2. एमबीबीएस अन्तिम व्यावसायिक पार्ट–2 परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र उ0प्र0 मेडिकल कौंसिल की वेबसाईट www.upmedicalcouncil.org के Download सेक्शन से प्राप्त (Download Registration Form) कलर आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर, फोटो, हस्ताक्षर अंकित करते हुए छात्रप्रकोष्ठ में सत्यापन हेतु जमा करें। फोटो एवं हस्ताक्षर सत्यापित होने पर आवेदन पत्र को अगले कार्यदिवस में मूलरूप में छात्रप्रकोष्ठ से वापस प्राप्त करें।
3. उक्त के पश्चात वेबसाईट पर Registration Tab में Candidate Enrolment for MBBS (Provisional Registration) पर क्लिक करें। इसके पश्चात For student of UP State Medical College (Passout) Sign UP (Student Only) पर क्लिक करते हुए आनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करें।
4. **एम0बी0बी0एस0 बैच–2016 एवं उसके पश्चात प्रवेशित छात्र/छात्राओं को** ऑनलाईन विवरण भरते समय कालेज एवं विश्वविद्यालय के नाम में **UTTAR PRADESH UNIVERSITY OF MEDICAL SCIENCES, SAIFAI, ETAWAH** का चुनाव किया जाना है।

   उक्त के अतिरिक्त **एम0बी0बी0एस0 बैच–2015 तक प्रवेशित छात्र/छात्राओं का** ऑनलाईन विवरण भरते समय कालेज का नाम U.P. RURAL INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH, SAIFAI, ETAWAH एवं विश्वविद्यालय के नाम में C.S.J.M. UNIVERSITY, KANPUR का चुनाव किया जाना है।
5. आवेदनपत्र को आनलाईन करने के पश्चात निम्नलिखित अभिलेख छात्र प्रकोष्ठ में जमा करें–
   - संकायाध्यक्ष द्वारा सत्यापित कलर आवेदन पत्र एवं आनलाईन भरे गये आवेदन पत्र का प्रिन्ट।
   - एमबीबीएस परीक्षा उत्तीर्ण होने सम्बन्धी समस्त अंकपत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ।
   - हाईस्कूल प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ।
6. उक्त के पश्चात कार्यालय द्वारा डाटा का आनलाईन सत्यापन करते हुए पास–आउट प्रमाण पत्र, जिसपर संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित होंगे, को अपलोड किया जायेगा। सत्यापन के पश्चात लागिन में शुल्क के भुगतान हेतु आप्शन एक्टीवेट हो जायेगा, जिसके माध्यम से छात्र/छात्राएं स्वयं के लागिन से निर्धारित शुल्क की धनराशि को आनलाईन ही जमा करेंगे। इस प्रकार आनलाईन प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।
7. शुल्क जमा करने के पश्चात निर्धारित लागिन से ही पास–आउट प्रमाण पत्र, जिसपर संकायाध्यक्ष के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित होंगे, को कलर प्रिन्ट करते हुए स्वयं के पास सुरक्षित रखेंगे।

:: PERMANENT REGISTRATION ::

1. इन्टर्नशिप प्रशिक्षण पूर्ण होने की तिथि के पश्चात निम्नलिखित अभिलेख छात्र प्रकोष्ठ में जमा करें–
   - इन्टर्नशिप प्रशिक्षण पूर्ण होने से सम्बन्धित प्रमाण पत्र एवं लागबुक (प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध)।
   - अदेयता प्रमाण पत्र (प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध)।
   - पासआउट प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
   - प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
2. उ0प्र0 मेडिकल काउंसिल की वेबसाईट पर निर्धारित लागिन में प्रोविजनल लागिन से सम्बन्धित आई0डी0 एवं पासवर्ड से लागिन करें तथा इन्टर्नशिप पूर्ण होने सम्बन्धी विवरण को भरते हुए ऑनलाईन सबमिट करें।
3. छात्रप्रकोष्ठ द्वारा उक्त अभ्यर्थियों के डाटा को ऑनलाईन सत्यापित करते हुए इन्टर्नशिप कम्पलीशन प्रमाण पत्र, जिसपर संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित होंगे, को अपलोड किया जायेगा।
4. उक्त के पश्चात अभ्यर्थी परमानेन्ट रजिस्ट्रेशन शुल्क को ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। इस प्रकार आनलाईन परमानेन्ट रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी।
5. शुल्क जमा करने के पश्चात निर्धारित लागिन से ही इन्टर्नशिप प्रशिक्षण पूर्ण होने से सम्बन्धित कम्पलीशन प्रमाण पत्र, जिसपर संकायाध्यक्ष के डिजिटल हस्ताक्षर अंकित होंगे, को कलर प्रिन्ट करते हुए स्वयं के पास सुरक्षित रखेंगे।

संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय